चित्रकूट में बाढ़ पीड़ितों के लिए भोपाल से भी आई मदद

म प्र लघु उद्योग निगम लिमिटेड भोपाल के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह 2 ट्रक राहत सामग्री लेकर पहुंचे

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 8 सितम्बर । चित्रकूट नगर में बाढ़ की त्रासदी से जूझ रहे पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाने में प्रशासनिक अमला पूरी मेहनत के साथ जुटा हुआ है तो वहीं आपदा की इस घड़ी में सैकड़ों समाजसेवियों, संस्थाओं के लोग भी भोजन, सूखा राशन से लेकर लोगों के दैनिक उपयोग की सामग्री पीड़ितों के घर तक पहुंचा रहे हैं.

लेकिन जिन पीड़ितों तक राहत सामग्री नहीं पहुंच पा रही थी, और छूट रहे थे उन सभी वंचित लोगों की सूची तैयार करवाकर उन तक राहत सामग्री पहुंचाने का काम सत्येंद्र भूषण सिंह अध्यक्ष मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड भोपाल ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आकर कदम बढ़ाया। श्री सिंह के द्वारा 2 ट्रक राहत सामग्री का वितरण 400 परिवारों तक किया गया, टाठी घाट ,चक्की घाट पंच प्रयाग एवं जंगल के संतों, आरोग्यधाम के पास की गलियों में, सियाराम कुटीर के सामने वाली गली में, प्रमोदवन, रामायणी कुट्टी के आसपास के रोड एवं पार्षद रवि

माला सिंह की गली, उतारा बाजार नयागांव सहित घाटों के किनारे की कई बस्तियों में सूखा राशन, कपड़े, पन्नी, दरी, दैनिक उपयोग की सामग्री , व्रत का सामान सहित 18 प्रकार की आवश्यक सामग्री का वितरण किया रामायण कुटी के राम हृदय दास , टाटी घाट के त्रिवेणी दास, चक्की घाट के मोहन दास, दीनदयाल शोध संस्थान के सचिव अभय महाजन एवं सह सचिव अनिल अग्रवाल से मिलकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर गणेश सिंह सांसद सतना, धर्मेंद्र बराज जनपद उपाध्यक्ष सोहावल, चित्रकूट के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश शर्मा, कार्तिकेय द्विवेदी, शिशुपाल सिंह महाप्रबंधक ग्वालियर संभाग, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, चित्रकूट नगर परिषद अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल, उपाध्यक्ष, प्रबल श्रीवास्तव, पार्षद श्रीमती रविमाला सिंह , सिद्धांत त्रिवेदी, राजू त्रिपाठी, विनीत त्रिपाठी, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती विनीता शिवहरे, समाजसेवी प्रोफेसर भरत मिश्रा , पूर्व प्रचारक एवं समाजसेवी डॉक्टर संतोष मिश्रा , अमर सिंह , देवेन्द्र सिंह कचनार अमित शर्मा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान अपर जिला अधिकारी विकास सिंह सहित लघु उद्योग निगम के अधिकारी एवं सहयोगीगण भी साथ रहे।

संत रविदास समरसता यात्रा का मुकुंदपुर क्षेत्र में हुआ भव्य स्वागत

- विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों ने पुष्प अर्पित कर किया आत्मीय स्वागत, हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना

नवभारत न्यूज

मैहर, 8 सितंबर। संत शिरोमणि श्री रविदास जी की 650वीं जन्मजयंती के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन, समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में अमरपाटन विकासखंड क्षेत्र से संत रविदास समरसता यात्रा कूटमी धाम के लिए रवाना हुई। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों एवं संत रविदास जी के अनुयायियों द्वारा उत्साह एवं श्रद्धा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत कठमिधाम में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर यात्रा का आत्मीय स्वागत किया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए संत रविदास जी के समता, सामाजिक सद्भाव और मानवता के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया। ग्राम कटह में पंचायत सचिव एवं आमजन द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वहीं ग्राम पंचायत मगराज में पंचायत सचिव एवं ग्रामीणों ने समरसता यात्रा का स्वागत करते हुए संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। ग्राम भडरी में आमजनों द्वारा पुष्प अर्पित कर रथ यात्रा का स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत डोम में सरपंच, पंचायत सचिव एवं आमजनों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया गया। ग्राम गोरा में भी पंचायत सचिव एवं आमजनों द्वारा यात्रा का स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर यात्रा को आगे रवाना किया गया। इस अवसर पर यात्रा में प्रभारी श्री मोहम्मद, अत्रि श्री मनीष जी महाराज, संत श्री शंकर प्रसाद रैदास एवं संत श्री भाई लाल रैदास सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं अनुयायी शामिल रहे। यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर हुए आत्मीय स्वागत से क्षेत्र में सामाजिक सद्भाव एवं समरसता का वातावरण देखने को मिला।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने रामनगर में एसडीएम को सौंपा 23 सूत्रीय ज्ञापन

नवभारत न्यूज

रामनगर 8 सितंबर, शासन से मान्यता प्राप्त मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, विकासखंड रामनगर, जिला मैहर ने आज अपनी 23 सूत्रीय न्यायोचित मांगों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव, म.प्र. शासन के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, रामनगर में सौंपा।

ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. वासुदेव तिवारी के नेतृत्व में एवं ब्लॉक सचिव अखिलेश यादव के संचालन में सौंपा गया। ज्ञापन पर एसडीएम कार्यालय द्वारा प्राप्ति सील दिनांक 08/09/26 लगाई गई है। डॉ. तिवारी ने कहा - "प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों की मांगों पर कई बार आश्वासन और घोषणाएं हो चुकी हैं, लेकिन आदेश जारी नहीं हो रहे। इससे प्रदेश भर के कर्मचारियों में भारी असंतोष है, जो कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से पुरानी पेंशन बहाली, केंद्र के समान ग्रुप, 25 लाख तक कैशलेस बीमा, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान वेतनमान, दैनिक वेतनभोगी, कोटवार, स्थायी कर्मी, अतिथि शिक्षकों आउटसोर्स कर्मचारियों का नियमितीकरण, पंचायत सचिवों का संविलियन, स्टायपेंड प्रथा समाप्ति, कृषि विस्तार अधिकारियों की वेतन विसंगति, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, हरू फार्मासिस्ट, वन विभाग, वाहन चालक, भृत्य, अमीन, परिचर, अनुकंपा नियुक्ति सहित कुल 23 बिंदुओं पर तत्काल आदेश जारी करने की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रतिलिपि प्रदेश महामंत्री, भारतीय मजदूर संघ, ठेंगड़ी भवन भोपाल एवं माननीय राजेंद्र श्रीवास्तव, अखिल भारतीय महामंत्री, राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ को भी प्रेषित की गई है।

ज्ञापन सौंपते समय ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

राम चरण साहू, मेघराज सिंह, चेतन कुशवाह, राम रईस यादव, रूपेश नामदेव, उमेश पटेल, रश्मि मिश्रा, अमित सिंह, राकेश प्रजापति, सुधीर सिंह, रकीमुद्दीन सिद्दीकी, श्रेया द्विवेदी, पुष्पेंद्र उरमालिया, सोनू द्विवेदी, उदय विश्वकर्मा, अनंत भट्ट, अविनाश वर्मा, विक्रम सिंह, अनिल चतुर्वेदी, धर्मेंद्र जी सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में संघ के ध्येय वाक्य "देश हमें देता है सब कुछ, हम भी कुछ देना सीखें" के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विधायक विक्की भैया नेता नहीं बेटे के रूप में बाढ़ प्रभावित लोगों का बन रहे सहारा

नवभारत न्यूज

रामबाघेलान 8 सितंबर, जिले के रामपुर क्षेत्र में आई आपदा में लगातार एक हफ्ते से सुबह से ही विधायक विक्रम सिंह विक्की भैया हर बाढ़ प्रभावित लोगों के घर पहुंच कर खाने से लेकर रहने की व्यवस्था कर रहे हैं।

बीते रविवार को विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान के कोटर तहसील के बाढ़ प्रभावित ग्रामों में प्रभावित इलाकों का सघन दौरा कर स्थिति का जायजा लिए, मौके पर पहुंचकर खुद सूखा खाद्यान्न सहित राहत सामग्री प्रभावित परिवारों को दी, प्रभावित परिवारों

से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी, कई घरों में पानी घुसने से अनाज एवं समान का नुकसान हुआ है, नुकसान हुए बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद की आश्वासन दिया, सभी बाढ़ प्रभावित लोगों को बताया कि आप लोग बिल्कुल चिंता ना करें इस आपदा में हमारी टीम और हमारी सरकार शासन और प्रशासन आप लोगों की मदद के लिए हर संभव आपके साथ खड़ा है, रामपुर क्षेत्र की जनता का दुख मेरा दुख है इस आपदा में लड़ने के लिए आप लोगों के साथ मैं आपका नेता नहीं बेटा के रूप में खड़ा हूं, श्री विधायक जी के साथ इस अवसर में भाजपा कार्यकर्ता एवं अन्य लोगों की रही मौजूदगी।

जनसुनवाई में 64 आवेदन प्राप्त, त्वरित निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

मैहर, 8 सितंबर। कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न अंचलों से कुल 64 आवेदन प्राप्त हुए।

अपर कलेक्टर सुश्री जैन ने प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्वक एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम आमादाडी से लाडली बहना योजन की हितग्राही के द्वारा बताया गई कि 2025 तक योजना से लाभान्वित हुई मगर 2026 से

योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। शिकायत को गंभीरता से सुना एवं मैहर जनपद सीईओ को मामले की जांच कर हितग्राही को लाभान्वित करने के निर्देश दिए इसी तरह देवरी ग्राम के आवेदक द्वारा बताए गया कि पुस्तैनी सौ वर्ष पुराना कच्चा मकान है जो वर्तमान में क्षतिग्रस्त मकान में रहने को मजबूर है खेती किसानी कर जीवन यापन करता हु सुश्री जैन ने जनपद पंचायत सीईओ को मामले की जांच कर आवास योजना के लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। इसी तरह रामनगर से आवेदन द्वारा बताया गया कि पुस्तैनी जमीन पर बारी लगा कर अवैध कब्जा किया जा रहा है मामले को संज्ञान में लेते हुए सुश्री जैन ने एसडीएम रामनगर को उक्त मामले की जांच कर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

नागौद 8 सितंबर, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तत्वावधान में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी नागौद को सौंपा गया।

ज्ञापन में स्वास्थ्य बीमा योजना, कर्मचारी आयोग का गठन, दो संतान की बाध्यता समाप्त करने, लिपिक संवर्ग को

मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान, ओपीएस बहाली एवं स्टाइपेंड समाप्त करने सहित अन्य मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की गई।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, तहसील अध्यक्ष परितोष कुमार चौबे, ब्लॉक सचिव अजय त्रिपाठी, तहसील सचिव के.के. गौतम सहित संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कलेक्टर मुखर्जी ने तहसीलदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किया

- फार्मर रजिस्ट्री एवं फसल गिरदावरी में कम प्रगति का मामला

नवभारत न्यूज

मैहर। 8 सितंबर । कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने खरीफ 2026-27 के अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री एवं फसल गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित तहसीलदारों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए हैं। इन कार्यों को शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती मुखर्जी ने बताया कि जिन तहसील एवं राजस्व वृत्तों में अपेक्षित प्रगति नहीं पाई गई, उनमें तहसील मैहर के तहसीलदार मैहर नायब तहसीलदार अमदरा, नादन एवं बदेरा, तहसील अमरपाटन के तहसीलदार अमरपाटन, नायब तहसीलदार ताला तथा तहसील रामनगर के तहसीलदार रामनगर, नायब तहसीलदार बड़वार एवं झिन्ना शामिल हैं। कलेक्टर श्रीमती मुखर्जी संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्त होने की तिथि से 03 दिवस के भीतर अपना लिखित उत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में उत्तर प्राप्त नहीं होने पर यह माना जाएगा कि संबंधित अधिकारी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती मुखर्जी ने प्रशासनिक अधिकारियों को फार्मर रजिस्ट्री एवं फसल गिरदावरी जैसे प्राथमिकता वाले कार्यों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध प्रगति सुनिश्चित करने तथा अधीनस्थ अमले के कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा इन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

खेरवासानी टोल प्लाजा पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

नवभारत न्यूज

अमदरा 8 सितंबर, खेरवासानी टोल प्लाजा पर एनएचआईटी ईस्टर्न प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में टोल प्लाजा के कर्मचारियों, वाहन चालकों तथा परियोजना से जुड़े अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वास्थ्य जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पीयूष पांडेय ने किया । इस दौरान कर्मचारियों की रक्तचाप, रक्त शर्करा, वजन एवं बीएमआई सहित सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के बाद आवश्यकता के अनुसार चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। डॉ. पीयूष पांडेय ने कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित खान-पान रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और समय पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान करना रहा। शिविर में टोल प्लाजा एवं परियोजना से जुड़े कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

रंजना पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल ने इटमा गांव के बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी

नवभारत न्यूज

कोठी 8 सितंबर, पिछले दिनों आई भीषण बाढ़ आपदा में क्षेत्रीय समाजसेवियों ,जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों तक हर संभव मदद पहुंचाते हुए अभी तक आपने देखा और सुना है परंतु जिस प्रकार से कोठी का रंजना पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल ने आगे आकर बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाई है.

वह शायद अभी तक किसी भी विद्यालय या कॉलेज प्रबंधन द्वारा नहीं किया गया उनके द्वारा किया गया यह कार्य औरों के लिए प्रेरणादायक बन गया कोठी क्षेत्र में आई भीषण बा? में इटमा गांव के सबसे अधिक प्रभावित होने का समाचार सुनकर कोठी के रंजना पब्लिक हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल ने शानदार कदम उठाया है और मानवता की मिसाल पेश करते हुए औरों के लिए प्रेरणादायक कार्य किया है ।विद्यालय के डायरेक्टर पंकज सिंह विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रंजना सिंह अपने विद्यालय के शिक्षण स्टाफ एवं सैकड़ो बच्चों को साथ लेकर इटमा गांव पहुंची और बाढ़ से प्रभावित पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें विशेष रूप से राहत पहुंचाई और सभी को सेवा किस प्रकार से आगे आकर समाज में पीड़ित जनों को की जाती है इसका शानदार उदाहरण पेश किया और विद्यालय के बच्चों के हाथों सैकड़ो पीड़ित परिवार जनों को सामग्रियां बांटी, 200 साड़ियां, बड़े बुजुर्ग एवं बच्चों के कपड़े सहित चार दिन की भोजन व्यवस्था की सामग्री वितरण के साथ उन्हें आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस दौरान विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रंजना सिंह ने कहा कि कई दिनों से समाचार पत्रों व विभिन्न माध्यमों से इटमा गांव में सबसे अधिक बाढ़ से प्रभावित होने की जानकारी मिल रही थी लोग भी यहां पर सबसे अधिक जाकर लोगों की मदद कर रहे थे क्योंकि यहां की आवश्यकता ही ऐसी है क्योंकि जिस प्रकार से इस गांव के लोग प्रभावित हुए हैं शायद क्षेत्र में सबसे अधिक प्रभावित गांव है क्योंकि जिस प्रकार से लोगों के घरों में बारिश का कहर बरपा है वह दिल को दहला देता है हालांकि बाढ़ से कई जगह क्षेत्र में आपदा आई है और काफी लोग प्रभावित हुए हैं परंतु इटमा गांव सबसे अधिक प्रभावित हुआ है और लोगों का सारा कुछ नष्ट हो चुका है और उन्हें नई जिंदगी की आवश्यकता है और इस बुरे वक्त में संबल प्रदान किए जाने की सख्त जरूरत है क्योंकि इसकी चर्चा भी हर जगह सुनी जा रही है शायद यही वजह है कि क्षेत्रीय समाजसेवियों ने इसमें आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों की मदद की है.

सतना - सेमरिया रोड अपना अस्तित्व बचाने कर रही संघर्ष

नवभारत न्यूज

कोटर 8 सितंबर, सतना से सेमरिया रोड अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। सतना से सेमरिया रोड का काम टेंडर होने के बाद भी नहीं हो पाया।

सेमरिया एवं बिरसिंहपुर के हजारों लोग प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डाल कर इस रोड में सफर कर जिला मुख्यालय सतना पहुंचते है। अबेर से देवरा, बिहरा से रखौंधा एवं टिकुरी से हरिहरपुर रोड चलने योग्य नही बची है । रोडों की हालत अत्यंत दयनीय है। विभागीय अधिकारी पूरी तरह से उदासीन है। दुपहिया वाहन सवार आए दिन गड्ढों का शिकार हो रहे हैं। विभागीय अधिकारी ठेकेदार से काम नही करा पा रहे।

जहरीली शराब की बिक्री पर रोक नहीं लगी तो सतना-मैहर में भी हो सकती है सागर जैसी घटना : रंजना

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 8 सितंबर, दिव्यदृष्टि सेवा परिषद की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना कुशवाहा ने जारी बयान में कहा कि अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री पर प्रभावी अंकुश नहीं लगने से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं।

रविवार को जहरीली शराब के सेवन से हुई मौतों ने एक बार फिर अवैध शराब के कारोबार पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चंद रुपयों के मुनाफे के लालच में किसी परिवार ने अपना बेटा तो किसी ने अपना पति खो दिया। जहरीली शराब से बड़ी संख्या में लोगों की मौत और कई लोगों के अस्पताल में भर्ती होने की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। डीडीएसपी की कोषाध्यक्ष श्रीमती रंजना कुशवाहा ने कहा कि जहरीली शराब से होने वाली घटनाएं कोई पहली घटना नहीं हैं। इसके पूर्व मुरैना में जहरीली शराब के सेवन से 24 लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि यदि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और गांव-गांव होने वाली पैकारी पर समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो सतना एवं मैहर जिले में भी किसी बड़ी त्रासदी की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सतना एवं मैहर जिले के

कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा आबकारी विभाग सहित संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित अवैध शराब की पैकारी पर विशेष अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध शराब के स्रोतों का पता लगाकर उसके निर्माण एवं आपूर्ति से जुड़े लोगों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। श्रीमती कुशवाहा ने कहा कि शासन-प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे 2.0 नशामुक्त अभियान को सकारात्मक एवं प्रभावी बनाने के लिए अवैध शराब के खिलाफ धरातल पर ठोस कार्रवाई आवश्यक है। केवल कार्रवाई की औपचारिकता से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि गांव-गांव तक निगरानी तंत्र मजबूत कर अवैध शराब के कारोबार पर स्थायी रूप से रोक लगानी होगी।

उन्होंने कहा कि शराब के अवैध कारोबार से सबसे अधिक प्रभावित गरीब एवं ग्रामीण परिवार होते हैं। प्रशासन की जिम्मेदारी है कि मुनाफाखोरी के लिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए और भविष्य में सागर, मुरैना जैसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सतना एवं मैहर जिले में प्रभावी अभियान चलाये जाने की मांग की है।

किसान यूनियन ने विभिन्न समस्याओं का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

नवभारत न्यूज

सतना/ उचेहरा 8 सितंबर, भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष रामकलेश सिंह सहित सैकड़ों किसानों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन एस डी एम सुभाष मिश्रा को सौंपा.

किसानों की कुछ मांगो को जल्द ही पूरा करने तथा कई समस्याओं को जांच उपरांत पूरा करने का भरोसा दिलाया तथा प्रदेश शासन के स्तर की समस्याओं को जल्द ही शासन के उच्च अधिकारियों तक भेजने के मिले आश्वासन पर किसान संगठन संतुष्ट होते किसान संगठन के जिम्मेदारो ने मौके पर कि अगर एक सप्ताह के अंदर ज्ञापन के बिन्दुओं का निराकरण नहीं होता तो किसान यूनियन को मजबूर धरना प्रदर्शन

के लिए बाध्य होना पड़ेगा । ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रुप से राजकुमार सिंह,छोटे लाल सिंह ,रामचन्द्र सिंह ,मंगल सिंह , छोटे लाल चौधरी , रामखेलावन रजक ,महेंद्र सिंह, बच्चू सिंह ,राजबाई रजक ,कौशिल्या बाई पटेल ,विद्या बाई कुशवाहा ,शांती बाई कुशवाहा दयाराम सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे । ज्ञापन के प्रमुख बिन्दुओ में उचेहरा कृषि उपज मण्डी को पूर्ण मण्डी का दर्जा दिलाने के लिए आपके माध्यम से कई बार मुख्यमंत्री सहित जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया आश्वासन के अलावा आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही हुई जबकि उचेहरा कृषि उप मण्डी पूर्ण मंडी का दर्जा प्राप्त करने के सारे मापदण्डों को पूर्ण करती है। जले हुए ट्रांसफार्मर तुरन्त बदले जाने की मांग की जहां जले ट्रान्सफार्मर को नहीं बदला जाता फिर भी किसानों का बिल आता है। कम से कम तीन फेस लाइट 15 घण्टे एवं घरेलू बिजली 24 घण्टे दी जाए, जहां भी शासकीय आम रास्ते को अतिक्रमण किया गया है जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जाए इसी प्रकार आवारा पशुओं से किसानों को हो रहे नुकसान को बचाने के लिए गौशाला बनाई जाए। मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई कि किसानो का के.सी.सी. के ऋण में व्याज नही ली जाएगी लेकिन बैंको द्वारा मुख्यमंत्री के आदेशों की खुले आम मनमानी करते किसानों से ब्याज लिया जा रहा है। शासकीय कार्य हेतु अधिगृहीत जमीन का मुआवज़ा 4 गुना जनवरी 2014 से लागू किये जाने की मांग करते राजस्व विभाग द्वारा किसानों के रिकार्डों में जो त्रुटि की गई है उसे सुधारा जाए।

संपर्क मार्ग टूट जाने के कारण राहत सामग्री से वंचित है

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 8 सितम्बर, तरोहा सीतापुर बाढ़ के कारण पूरी तरह संपर्क मार्ग टूट जाने के कारण राहत सामग्री से वचित है उसे इलाके में राम नारायण त्रिपाठी गायत्री परिवार एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मिलकर तरौहा सीतापुर के उस बिहड़ क्षेत्र में जहाँ एक सैकड़ा परिवार रह रहा है.

आज भी पूरी तरह से डूब सम्पर्क मार्ग से कटा हुआ है जहाँ अभी तक किसी प्रकार की राहत नहीं पहुंची गायत्री शक्ति परिवार तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मिल कर केला भोजन पैकेट पीने के पानी के पाउच कपडे

के साथ दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित होकर सांत्वना दी गायत्री शक्तिपीठ संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ उमेश शुक्ल रविराज सिंह राजपूत दुर्गेश तिवारी डॉ गोपाल मिश्र अर्जुन सोलंकी मिश्र मऊ के साथ गायत्री परिजन अनूप तिवारी राजेश शुक्ल राजबहादुर सिंह डॉ जीतेन्द्र योगाचार्य आदि उपस्थित रहें ।डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट ने लगातार सातवे दिन भी राहत कार्य में तत्पर रहा अब भोजन पानी कपड़ों के साथ सूखे भोजन समग्री की आवश्यकता भी है जिन परिवारों में स्थिति कुछ सामान्य हो रहीं है. फिर कुछ उन परिवारों जो लगभग दो सौ 2000 परिवार उप्र एव मप्र के होंगे पूनरवास की होंगीण्आर यन त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ चित्रकूट कामता के संयोजन ने बताया किबाँ दा अतर्रा विसंडा दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट प्राप्त वस्त्रों और खुद शक्तिपीठ द्वारा क्रय वस्त्र भोजन पैकेट पानी पाउच आदि की त्वरित सेवाएं मन्दाकिनी बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचाने का कार्य अनवरत किया जा रहा हैबाढ़ के दिन से नवमे दिन भी रहा सामग्री की सवाऐलोगों की आवश्यकताओ परेशानियों ध्यान मे रखते हुऐ मंदाकिनी बाढ़ से पीडितो कोसहायता पहुंचाने का प्रयास किया जा रह है.